हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, बुधवार 10 जून 2026

11 नर्सिंग स्टाफ ने की दो घंटे की पेन डाउन हड़ताल


12 सूर्य नमस्कार से जागेगी जीवन शक्ति, भ्रामरी से...


## खबर संक्षेप

### गुजवि ने घोषित किए परीक्षा परिणाम

**हिसार।** जीजेयू ने विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि दिसम्बर 2025 में आयोजित एमबीए जनरल प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर-स्पेशल मर्सी चांस) बैच 2019, एमबीए मार्केटिंग प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर-स्पेशल मर्सी चांस) बैच 2021, बीए-बीएड (आईटीईपी) ग्रुप-बी प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2024, बीएससी-बीएड (आईटीईपी) ग्रुप-ए प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2024, बीएससी-बीएड (आईटीईपी) ग्रुप-बी प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2024, बीटेक सीएसई प्रथम सेमेस्टर (मेन) बैच 2025 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** अर्बन स्टेट थाना पुलिस ने को ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।सातरोड खुर्द निवासी जोगेन्द्र पुनिया ने पुलिस में शिकायत दी थी कि उसके खेत से किसी ने ट्रैक्टर व ट्रॉली चोरी कर ली। पुलिस जांच के दौरान पता चला कि उक्त चोरीशुदा ट्रैक्टर-ट्रॉली को संगरूर (पंजाब) पुलिस ने बरामद कर लिया है और आरोपी संगरूर निवासी गुरदीप सिंह, हरविन्द्र सिंह व लालचंद थाना लहरा के मुकदमे में जेल में बंद हैं। अब पुलिस ने तीनों आरोपियों को अदालत से प्रोडक्शन वारंट प्राप्त कर गिरफ्तार किया।

### दुकान का ताला तोड़कर सरसों चुराने में दो दबोचे

**हांसी।** शहर में बंद दुकान में चोरी करने के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किए गए चार कट्टे सरसों बरामद किए गए हैं। वारदात में प्रयुक्त बाइक भी कब्जे में ली गई है। मामला दुकान मालिक राजकुमार की शिकायत पर दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और सुरागों के आधार पर रामसिंह कॉलोनी निवासी पवन उर्फ हैप्पी और अलीगढ़ के मनोज को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने चोरी की बात स्वीकार कर ली है।

### दुकान के गल्ले से कैश लेकर युवक फरार

**बरवाला।** नई अनाज मंडी मार्केट कमेटी कार्यालय के सामने स्थित एक करियाना दुकान से दिनदहाड़े अज्ञात युवक करीब 11 हजार रुपये की नकदी चोरी कर फरार हो गया। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने सूचना पाते ही मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और दुकानदार और आसपास के लोगों से चोरी की इस घटना के बारे में जानकारी जुटाई। नई अनाज मंडी निवासी दुकानदार राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि वह सुबह 9:34 बजे घर पर सब्जी देने गया था और 9:36 बजे लौट आया। इसी दौरान युवक ने मात्र दो मिनट में गल्ले की पहली दराज से नकदी चुरा ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान में जुटी है।

---

### चानौत में 25 दिन धरना-प्रदर्शन व सांकेतिक भूख हड़ताल के बाद भी सुनवाई न होने पर निर्णायक मोड़ पर आंदोलन

# बिजली-पानी के लिए आर-पार की लड़ाई, 5 ग्रामीणों का आमरण अनशन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

पेयजल संकट से जूझ रहे चानौत गांव का आंदोलन मंगलवार को निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया। 25 दिनों से धरना, प्रदर्शन और सांकेतिक भूख हड़ताल के बाद भी सुनवाई न होने पर गांव के पांच ग्रामीण आमरण अनशन पर बैठ गए। अनशनकारियों ने साफ कहा कि यह सिर्फ पानी नहीं, गांव के अस्तित्व और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की लड़ाई है। मंगलवार से आमरण अनशन पर बैठे टेकराम, बलवान, राजकुमार, जयनारायण और दिलबाग ने कहा कि 25 दिन तक महिलाएं, बुजुर्ग, युवा और बच्चे शांतिपूर्ण तरीके से गुहार लगाते रहे, लेकिन प्रशासन ने उनकी कोई सुनवाई नहीं की। ग्रामीणों का आरोप है कि कागजों में गांव को वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का शुद्ध पानी मिलने का दावा किया जा रहा है, जबकि प्लांट आज तक पूरी तरह चालू नहीं हुआ। गांव में वर्षों से सप्लाई में दूषित पानी आ रहा है जिससे कई परिवार पानी जनित बीमारियों से जूझ रहे हैं।

#### हांसी की लाइन से जोड़ो गांव को : अनशनकारी

*अनशनकारियों ने कहा कि उनकी मांग नई सुविधा नहीं, बल्कि पीने के पानी का मौलिक अधिकार है। हांसी के लिए बिछाई जा रही पेयजल लाइन से गांव को जोड़ने से समस्या का स्थायी समाधान हो सकता है। इसके बावजूद मांग को नजरअंदाज किया जा रहा है। अनशनकारियों ने कहा कि जब तक गांव को हक का पानी नहीं मिलता, उनका आमरण अनशन जारी रहेगा। अगर बच्चों को स्वच्छ पानी भी नहीं दिला सके तो ऐसे जीवन का कोई अर्थ नहीं है।*

- अपने हक का पानी मिलने तक अनशन नहीं छोड़ेंगे ग्रामीण
- दूषित पानी के कारण बीमारी फैलने का भी लगाया आरोप



#### खापों और किसान संगठनों का समर्थन

*मंगलवार को धरने को रोघी खाप प्रधान सुमेर सिंह जागलान, पुनिया खाप प्रधान, खापड़ खाप प्रधान, खटकड़ व मय्यड़ टोल कमेटी, बूरा खाप समेत कई खापों ने समर्थन दिया। पगड़ी संभाल जट्टा से मंदीप नाथवान संगठन सहित, विकास सिसर, दशरथ मलिक समेत कई किसान नेता धरने पर पहुंचे।*

### चानौत के ग्रामीणों ने डीसी के सामने रखीं समस्याएं



**हांसी।** चानौत के ग्रामीणों ने मंगलवार को विभिन्न जनसमस्याओं एवं मांगों को लेकर उपायुक्त राहुल नरवाल से मुलाकात कर अपनी समस्याएं रखीं। उपायुक्त ने ग्रामीणों की शिकायतें सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कई मामलों में उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों से दूरभाष पर बातचीत कर समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश जारी किए। उपायुक्त राहुल नरवाल ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का नियमानुसार एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक के दौरान गांव चानौत निवासी बलवान सिंह ने पेयजल समस्या उठाते हुए बताया कि उनका मकान गांव के सबसे ऊंचे हिस्से में स्थित है, जहां वर्षों पुरानी पाइपलाइन के कारण पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने नई पाइपलाइन बिछवाने की मांग रखी। इस पर उपायुक्त ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को तत्काल मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने बरसात के दौरान क्षतिग्रस्त हुए मकानों के लिए मुआवजा राशि उपलब्ध करवाने की मांग भी रखी। इस अवसर पर गांव चानौत निवासी जिला परिवेदना समिति के सदस्य विनोद कुमार, रवि, कुलवंत चौकीदार, जीवन दास, सनी, पूनम, बाला, मिंटू, कविता सहित अन्य ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

---

### डीजी हेल्थ ने लापरवाही पर लिया कड़ा संज्ञान, खुद नागरिक अस्पताल पहुंचकर जुटाया ब्योरा

# मोर्चरी में महिला के शव को कुतरने के मामले की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश

- अस्पताल में व्यवस्था पर डीजी हेल्थ माही ने जताई कड़ी नाराजगी
- प्रसव के बाद हांसी की महिला के शव को चूहों द्वारा कुतरने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नागरिक अस्पताल के शवगृह में चूहों द्वारा महिला के शव कुतरने के मामले में स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों ने कड़ा संज्ञान लिया है। हेल्थ सर्विसिज के डायरेक्टर डॉ. सुशील माही मंगलवार की सुबह को नागरिक अस्पताल पहुंचे और शव को चूहों द्वारा कुतरने की बारीकी से जांच की।

डायरेक्टर डॉ. माही ने मौके पर मौजूद विभाग अधिकारियों से जवाब-तलबी की और इस घोर लापरवाही को लेकर कड़ी फटकार लगाई। डायरेक्टर ने अधिकारियों से पूछा कि भविष्य में ऐसी घटना न हो, इसके लिए क्या-क्या एक्शन लिया गया है। अस्पताल प्रशासन ने डायरेक्टर को बताया कि मोर्चरी के रख-रखाव से जुड़ी टीम को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया है। साथ ही, खराब पड़े डी-फ्रीजर को ठीक करने के लिए कंपनी के इंजीनियर को बुलाया गया है। पूरे मामले की जांच के लिए डॉक्टरों की एक आंतरिक कमेटी भी बनाई गई है। यह कमेटी बुधवार को अपनी रिपोर्ट समिट कर देगी।

रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके बाद डायरेक्टर डॉ. माही हांसी के लिए रवाना हो गए। दोपहर बाद एडीसी शालिनी चेतल जांच के लिए अस्पताल में पहुंची। उन्होंने भी पूरे मामला की विस्तृत रिपोर्ट तलब की।

एडीसी ने पीएमओ डॉ. रीना जैन तथा डॉ. सुभाष खतरेजा के साथ डी-फ्रीजर का निरीक्षण भी किया। मौके पर लाइट की उचित व्यवस्था तथा पानी की सप्लाई नहीं होने पर जवाब-तलबी करते हुए नाराजगी व्यक्त की।



#### निष्कर्षों व सिफारिशों सहित रिपोर्ट 48 घंटे के भीतर देने के आदेश

उपायुक्त एवं जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र पाल ने नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में एक महिला के शव को क्षति पहुंचने की घटना की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश जारी किए हैं। जांच के दौरान घटना के मूल कारणों का पता लगाया जाएगा और जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका की जांच की जाएगी। इसी प्रकार से भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम भी उठाए जाएंगे। अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। घटना की विस्तृत जांच कर तथ्यात्मक एवं कारण युक्त रिपोर्ट निर्धारित निष्कर्षों और सिफारिशों सहित 48 घंटे के भीतर प्रस्तुत की जाएगी। जांच निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएगी तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### डायरेक्टर ने हांसी में परिजनों व चिकित्सकों से ली जानकारी, अस्पताल प्रबंधन से विस्तृत रिपोर्ट तलब

**हांसी।** प्रसव के बाद महिला की मौत तथा हिसार नागरिक अस्पताल में रखे शव को चूहों द्वारा कुतरे जाने के मामले ने तूल पकड़ने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के हेल्थ सर्विसिज के डायरेक्टर डॉ. सुशील माही ने मंगलवार को हांसी के नागरिक अस्पताल पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की जांच की। इस दौरान उन्होंने अस्पताल प्रशासन, चिकित्सकों तथा संबंधित कर्मचारियों से जानकारी ली और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की विस्तृत रिपोर्ट तलब की। मामले की जांच के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचे हेल्थ सर्विसिज के डायरेक्टर डॉ. सुशील माही ने अस्पताल के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रसूति वार्ड, मोर्चरी और संबंधित रिकॉर्ड की जांच की तथा घटना के समय ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों और कर्मचारियों से भी पूछताछ की। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों का भी जायजा लिया।

#### बड़ी कार्रवाई के दिए संकेत

सूत्रों के अनुसार हेल्थ सर्विसिज के डायरेक्टर डॉ. माही ने मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई का संकेत दिया है। उन्होंने अधिकारियों को निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने और निर्धारित समय में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अस्पतालों में साफ-सफाई, मरीजों की देखभाल और मोर्चरी प्रबंधन को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए गए।

#### जानिए... क्या है मामला

गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व नागरिक अस्पताल में प्रसव के लिए आई हांसी निवासी 23 वर्षीय कोमल की प्रसव के कुछ घंटों बाद हिसार रेफर किए जाने के बाद रास्ते में महिला की मौत हो गई थी। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल में उपचार के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप लगाया था, जिसके कारण महिला की जान गई। इतना ही नहीं, कोमल की मौत के बाद हिसार के नागरिक अस्पताल शवगृह में रखे शव को चूहों ने कुतर दिया। शव को चुहों द्वारा कुतरने की घटना सामने आने के बाद लोगों में भारी रोष फैल गया था। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने तोशाम चुंगी पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारियों ने दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की थी।

---

### गुजवि में दाखिलों के लिए आवेदन अब 16 जून तक

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अंडर ग्रेजुएट व पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सिज में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि बढ़ाकर 16 जून कर दी गई है।



विश्वविद्यालय के विभिन्न कोर्सिज में दाखिले के लिए अब इच्छुक उम्मीदवार 16 जून तक आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि विश्वविद्यालय के कोर्सों के प्रति विद्यार्थियों में उत्साह है। विश्वविद्यालय के विभिन्न कोर्सों में दाखिलों के लिए विद्यार्थी लगातार आवेदन कर रहे हैं। विद्यार्थियों व अभिभावकों ने भी विश्वविद्यालय के कोर्सों के आवेदन के लिए अंतिम तिथि बढ़ाने के लिए मांग की है। विद्यार्थियों की जरूरत और अभिभावकों की मांग को देखते हुए विश्वविद्यालय ने दाखिले के आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया है। बीएससी नर्सिंग व पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग कोर्सों में दाखिले की अंतिम तिथि नहीं बढ़ाई गई है।

उन्होंने बताया कि गुजवि में विभिन्न कोर्सों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 8 जून की शाम तक विश्वविद्यालय में 3500 सीटों पर दाखिले के लिए 12200 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। विश्वविद्यालय को पोस्टग्रेजुएट कोर्सों में 2750 से अधिक तथा अंडरग्रेजुएट कोर्सों में 9200 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसके अतिरिक्त डिप्लोमा कोर्सों में भी भारी रुझान है। यह विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है कि गुजवि विद्यार्थियों की पहली पसंद बनकर उभरा है। दाखिलों से संबंधित जानकारी जैसे सीटों की संख्या, पात्रता मानदंड, प्रवेश प्रक्रिया, प्रवेश परीक्षा (जहां लागू हो), काउंसलिंग शेड्यूल एवं शुल्क संरचना आदि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रॉस्पेक्टस 2026-27 में उपलब्ध है।

---

**सूरज जैन हत्याकांड**

# हत्यारोपियों के दो मददगार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एनएच-10 मार्केट में जॉकी शोरूम के मैनेजर



सूरज हत्याकांड की जांच में जुटी हांसी पुलिस ने मुख्य आरोपियों को फरार होने और छिपने में मदद करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों की पहचान हिसार की दुर्गा कालोनी निवासी मोहित उर्फ गिड्डी और साहिल के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा पकड़े गए दोनों आरोपियों को बुधवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

सीआई-वन प्रभारी एसआई कपिल कुमार की टीम द्वारा की गई जांच में सामने आया कि दोनों आरोपियों ने सूरज हत्याकांड में आरोपी गौरव उर्फ गोचु और रवि उर्फ गोलु को वारदात के बाद वाहन उपलब्ध करवाया था। इतना ही नहीं, उन्होंने आरोपियों को फरार होने और छिपने में भी सहायता की थी, ताकि वे पुलिस की गिरफ्त से बच सके। मामले में उनकी भूमिका उजागर होने के बाद पुलिस ने दोनों को दबोच लिया।

- मुख्य आरोपियों को वाहन उपलब्ध कराने और छिपाने में की थी मदद
- सीआईए-1 की टीम ने की कार्रवाई



हांसी। जॉकी शोरूम के मैनेजर सूरज जैन हत्या के मुख्य आरोपियों की मदद करने वाले दोनों आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

#### पहले से गिरफ्तार आरोपियों को 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया

गौरतलब है कि इससे पहले पुलिस हत्याकांड में संलिप्त हिसार की दुर्गा कालोनी निवासी गौरव उर्फ गोचु और रवि उर्फ गोलु को गिरफ्तार कर चुकी है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान पुलिस उनसे गहन पूछताछ कर रही है और हत्या की वारदात से जुड़े अन्य पहलुओं के साथ-साथ इसमें शामिल संभावित अन्य व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

#### गिरफ्तारी के प्रयास जारी : एसपी

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि सूरज हत्याकांड में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। हत्या में शामिल सभी आरोपियों को काबू करने के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत है। आने वाले दिनों में मामले में और भी खुलासे होने की संभावना है। गिरफ्तार किए गए मोहित उर्फ गिड्डी और साहिल को बुधवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

---

# सोनिया हत्याकांड के आरोपी का लुक आउट नोटिस जारी





- सोनिया का हत्यारोपी पति एक महीना 9 दिन बाद भी पुलिस गिरफ्त से बाहर

**हिसार।** शहर के सेक्टर 13 में निजी स्कूल की शिक्षिका सोनिया आनंद की हत्या मामले में आरोपी पति सौरभ आनंद के खिलाफ को लोकर लुक आउट नोटिस जारी किया है। यह नोटिस मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों, समुद्री बंदरगाहों और सीमाओं पर मौजूद इमिग्रेशन अधिकारियों के पास भेजा जाता है ताकि आरोपी देश से बाहर भागने से तुरंत रोका जा सके। पुलिस के द्वारा आरोपी की फोटो देशभर के अलग-अलग थाना तथा एजेंसियों के पास डिटेक्ट करने के लिए भेजी गई है ताकि जिस भी सीसीटीवी में आरोपी देखा जाए, उसकी तुरंत सूचना मिल जाए।

उधर, एसपी सिद्धांत जैन ने बताया कि लुक आउट नोटिस जारी करने के अलावा पुलिस की छह टीमें लगातार आरोपी की सरगर्मियों से तलाश में जुटी है। अब तक आरोपी अलग-अलग राज्यों के सीसीटीवी में देखा गया है। अंतिम बार उसे पंजाब में देखा गया था। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर हर स्तर पर गंभीरता से कार्य कर रही है।

#### आईजी से मिला परिवार

सोनिया के हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिए मंगलवार को हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग के नेतृत्व में परिवार हिसार आईजी कुलदीप सिंह से मिले। बजरंग गर्ग ने कहा कि एक महीना 9 दिन होने के बावजूद भी आज तक पुलिस प्रशासन सोनिया के हत्यारा को गिरफ्तार न करने से जनता में नाराजगी है। पुलिस प्रशासन को सोनिया के हत्यारोपी को तुरंत प्रभाव से गिरफ्तार करना चाहिए ताकि जनता का विश्वास पुलिस प्रशासन पर बना रहे। इस अवसर पर पवन गिरधर सीए , बिशम्बर कथूरिया, मनोहर कथूरिया, साहिल कथूरिया, सुमित ग्रोवर, पिंटू पपनेजा, इंदिरा पपनेजा, शालू ग्रोवर, सौरभ पपनेजा आदि समाज सेवी व परिवार के सदस्य मौजूद थे।

#### यह था मामला

शहर के सेक्टर 13 में निजी स्कूल की शिक्षिका सोनिया की उसके पति ने ही एक मई को निर्ममता से हत्या कर दी थी और फरार हो गया था। शुरू में पुलिस इसे सामान्य हत्या का मामला मानकर चल रही थी और उम्मीद थी कि आरोपी शीघ्र ही पकड़ लिया जाएगा लेकिन एक माह से अधिक समय बीतने बाद भी पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए शहर में धरने प्रदर्शन व कैंडल मार्च तक निकाला जा चुका है। इसके अलावा पुलिस ने आरोपी के बारे में सूचना देने वाले के लिए इनाम भी घोषित किया हुआ है।

---

### सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी से मुलाकात के अगले ही दिन हिसार पहुंचे आदेश

# किशनगढ़ ब्रांच-सीसवाला लिंक नहर का सर्वे शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

बालसमंद क्षेत्र की वर्षों पुरानी नहरी एवं पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में बड़ी प्रगति हुई है। किशनगढ़ ब्रांच (केएसबी) से सीसवाला हेड तक प्रस्तावित लिंक नहर परियोजना का सर्वे कार्य शुरू हो गया है। बता दें कि 3 जून को क्षेत्र के किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी, ईआईसी चौहान एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर किशनगढ़ ब्रांच को लाडवी के पास से सीसवाला हेड के माध्यम से बालसमंद क्षेत्र से जोडऩे की मांग प्रमुखता से रखी थी। मंत्री श्रुति चौधरी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल सर्वे कराने के निर्देश दिए। प्रतिनिधिमंडल द्वारा मांग रखे जाने के मात्र 24 घंटे के भीतर 4 जून को हिसार सिंचाई विभाग के पास सर्वे के आदेश पहुंच गए थे।



#### प्रस्तावित नहर मार्ग का किया निरीक्षण

मंगलवार को सिंचाई विभाग की टीम, तकनीकी अधिकारियों तथा क्षेत्रीय प्रतिनिधियों की मौजूदगी में प्रस्तावित नहर मार्ग का निरीक्षण किया गया। सर्वे के दौरान नहर के संभावित रूट, भूमि की स्थिति, जल प्रवाह क्षमता तथा तकनीकी व्यवहार्यता का अध्ययन किया गया। सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता (एक्सिएन) द्वारा जारी आदेशों के अनुसार एसडीओ हिसार-1 वीरेंद्र ढांडा, एसडीओ आदमपुर अक्षय छत्तर, जेई आनंद, जेई संदीप एवं जेई सचिन ने मौके पर पहुंचकर प्रस्तावित लिंक नहर के सर्वे एवं व्यवहार्यता परीक्षण कार्य का निरीक्षण किया। विभाग को 30 दिनों के भीतर विस्तृत व्यवहार्यता रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

#### दर्जनों गांवों को मिलेगा लाभ

प्रतिनिधिमंडल में शामिल पारस लौरा ने बताया कि यदि यह परियोजना साकार होती है तो बालसमंद, बुढ़ाक, डोभी, सुंडावास, बसड़ा, खारिया, सरसाना, रोहिल्ला सहित दर्जनों गांवों को नहरी पानी का लाभ मिलेगा तथा क्षेत्र की वर्षों पुरानी सिंचाई एवं पेयजल समस्या के समाधान का रास्ता खुलेगा। क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों में इसे लेकर खुशी की लहर है। पारस लौरा ने इसे बालसमंद क्षेत्र के लोगों के संघर्ष व एकजुटता की बड़ी जीत बताया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कुरड़ा राम नंबरदार, वीरेंद्र पूनिया, अनिल लौरा, राजकुमार लौरा, तारिफ बसड़ा, मोहन सरसाना, परलहाद सुंडावास, चरण सिंह डोभी, सतबीर कसानिया, ईश्वर सुंडावास, राजेश सुंडावास, पारस लौरा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

---

### चक्रवातीय सर्कुलेशन से हुई बारिश ने भीषण गर्मी से दिलवाई राहत

**हिसार।** वर्तमान परिदृश्य में हरियाणा के उत्तरी और आसपास के हिस्सों में और मध्य उत्तर प्रदेश के हिस्सों में एक चक्रवातीय सर्कुलेशन बनने से मौजूद टर्फ लगातार सक्रिय होने से नमी पहुंचने से हिसार व आसपास के क्षेत्रों में लगातार मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। मंगलवार को दोपहर प्रचंड गर्मी का प्रकोप देखा गया, लेकिन बाद में मौसम ने करवट ली और धूलभरी हवाओं के साथ झमाझम बारिश ने गर्मी को धो डाला। हिसार के आसपास के कुछ क्षेत्रों में कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी हुई है। मौसम में आए बदलाव के चलते शाम को मौसम खुशनुमा हो गया। मंगलवार को हिसार का अधिकतम पारा 44.8 तथा न्यूनतम पारा 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उधर, मौसम विशेषज्ञ डॉ चंद्रमोहन ने बताया कि लगातार मौसम परिवर्तन शील बना हुआ है। मंगलवार को भी मौसम परिवर्तन बना रहा। इसके अलावा 10 से 14 जून हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मौसम में बदलाव जारी रहेंगे। क्योंकि 10 जून उसके बाद 12 जून को एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से हरियाणा एनसीआर में बादलों की आवाजाही तेज़ गति की हवाओं आंधी अंधड़ और हल्की बारिश बूंदाबांदी कुछ स्थानों पर तेज बारिश और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की गतिविधियों को नकारा नहीं जा सकता है। टर्फ बनने से लगातार मौसम में बदलाव और तापमान में उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है।



## धमाल 4 का पोस्टर जारी, अजय की पीठ पर बेताल की तरह संजय

**मुंबई।** लोकप्रिय और सफल कॉमेडी फिल्म 'धमाल' फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म धमाल 4 का पोस्टर जारी हो गया है जिसमें पागलपन भरे मनोरंजन की झलक अभी से साफ दिखने लगी है। फिल्म में अजय देवगन, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, संजय मिश्रा और जावेद जाफरी के अलावा ढेर सारे कलाकार हैं। फिल्म 'धमाल 4' सिनेमाघरों में उम्मीद से पहले रिलीज हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्ममेकर्स ने इसकी रिलीज डेट एक हफ्ते पहले करने का फैसला किया है। पहले यह फिल्म 17 जुलाई को रिलीज होने वाली थी। अब इसे 10 जुलाई को रिलीज करने की प्लानिंग है। कहा जा रहा है कि 'अल्फा' 3 जुलाई को रिलीज हो रही है इसलिए 10 जुलाई का स्लॉट खाली है।

लाइफ Style



# जान्हवी

## पेद्दी से हटाए गए बोल्ड रोमांटिक सीन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म 'पेद्दी' 04 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में जान्हवी कपूर और राम चरण लीड रोल में हैं। हालांकि, फिल्म में जान्हवी के सीन को लेकर काफी आलोचना हुई हैं। इसके बाद उनके बोल्ड सीन फिल्म से हटा लिए गए हैं।

राम चरण और जान्हवी कपूर की फिल्म 'पेद्दी' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इस फिल्म की तारीफ हो रही हैं। मगर, साथ ही आलोचनाएं भी हो रही हैं। फिल्म में जान्हवी कपूर को जिस तरह दिखाया गया है, उस पर विवाद शुरू हो गया। 'पेद्दी' में अभिनेत्री के कुछ गैर-जरूरी और बेहद बोल्ड सीन हैं। इसे लेकर सोशल मीडिया पर निर्देशक और मेकर्स को ट्रोल किया गया। निर्देशक बुची बाबू सना ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि जान्हवी कपूर के रोल को लेकर हुई आलोचना के बाद उन्होंने आखिरकार 'पेद्दी' से विवादित सीन हटा दिए हैं।

यह कदम उन शॉट्स और रोमांटिक सीन पर आपत्तियों के बाद उठाया गया, जिन्हें महिलाओं के प्रति अपमानजनक माना गया था। निर्देशक ने कहा कि जान्हवी कपूर को बहुत ज्यादा बोल्ड दिखाने वाले हिस्सों पर सोशल मीडिया पर हुए हंगामे के बाद उन्होंने 'पेद्दी' से कुछ सीन हटा दिए हैं। निर्देशक बुची बाबू ने 'इंडियन एक्सप्रेस' के साथ एक इंटरव्यू में कहा कि जान्हवी वाले कुछ सीन को लेकर गलतफहमी बढ़ गई थी। जान्हवी के किरदार 'अचियम्मा' को कई लोगों ने गलत समझा। दर्शकों ने 'अचियम्मा' के किरदार को लिखे जाने के तरीके पर सवाल उठाए थे।

## हॉलीवुड मसाला



## नोलन की फिल्म के टिकट की कीमत ₹3300

**लॉस एंजिल्स।** इंटरस्टेलर, ओपेनहाइमर और इंसेप्शन' फेम दिग्गज डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन अपने अब तक के सबसे बड़े प्रोजेक्ट 'द ओडिसी' के साथ वापस आ रहे हैं। उनकी यह फिल्म 17 जून को दुनियाभर में रिलीज होने वाली है। वहीं, फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू होते ही इसके टिकट की कीमत ने हर किसी को दंग कर दिया है। देश के अलग-अलग शहरों में आईमैक्स शोज के लिए अलग-अलग टिकट प्राइस रखी गई है। सबसे हैरान कर देने वाली बात यह है कि मुंबई और पुणे में आईमैक्स स्क्रीन्स की प्रीमियम सीटों के लिए एक टिकट की कीमत 3,300 रुपए तक रखी गई है।




## कैटी और जस्टिन ट्रिबेका फेस्टिवल में साथ हुए शामिल

**लॉस एंजिल्स।** ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में सिंगर कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ने रेड कारपेट पर साथ में शिरकत की। यह फिल्म फेस्टिवल न्यूयॉर्क में हो रहा है। कैटी पेरी और जस्टिन ट्रूडो एक-दूसरे का हाथ थामे इस इवेंट में दिखे। पैपराजी को उन्होंने रोमांटिक अंदाज में फोटो पोज भी दिए। एक-दूसरे के इश्क में दोनों पूरी तरह से रंगे दिखाई दिए। ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में कैटी पेरी की नई डॉक्यूमेंट्री 'कैटी पेरी: द लाइफटाइम्स टूर लाइव फ्रॉम पेरिस' का प्रीमियर हुआ। बॉयफ्रेंड जस्टिन ट्रूडो कैटी पेरी को सपोर्ट करने इस इवेंट में पहुंचे थे। इस मौके पर दोनों का रोमांस भी फैंस को देखने को मिला। कैटी पेरी और जस्टिन ट्रूडो के अफेयर की खबरें साल 2025 में उड़ी थीं। समर वेकेशन में दोनों को पहली बार साथ देखा गया था। आगे चलकर कैटी पेरी ने जस्टिन ट्रूडो के साथ कुछ फोटो, वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए।



## श्रद्धा ने प्रोफेशनल लुक में शेयर कीं फोटोज


**मुंबई।** मंगलवार को श्रद्धा कपूर ने एक पोस्ट शेयर करते हुए अपनी कुछ तस्वीरें साझा की हैं। वे ऑफिस में बैठी हैं। प्रोफेशनल लुक में तस्वीरें पोस्ट करते हुए श्रद्धा ने कैप्शन लिखा है, 'ऑफिस वाले अटेंडेंस लगाओ'। इसके बाद अभिनेत्री के इस पोस्ट पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। साथ ही मजेदार सवाल भी कर रहे हैं, जिनमें से कुछ का श्रद्धा कपूर ने भी जवाब दिया है। श्रद्धा कपूर के पोस्ट पर यूजर के ढेरों कमेंट आए हैं। तस्वीरों में श्रद्धा का पालतू कुत्ता भी है। इस पर एक यूजर ने लिखा, 'वह डॉग कितना किस्मत वाला है'। इस पर श्रद्धा ने लिखा, 'मैं लकी हूं उसे पाकर'। एक यूजर ने पूछा, 'दाल चावल खाकर सोने वाले क्या करें'? इस पर श्रद्धा ने लिखा है, 'उनके लिए रिटायरमेंट योजना है'। इसी तरह एक यूजर ने लिखा, 'कंस्ट्रक्शन साइट से अटेंडेंस लगाई है'।



## प्रहार-द उज्ज्वल... की रिलीज डेट जारी

**मुंबई।** फिल्म प्रहार- द उज्जवल निकम स्टोरी' इस साल अगस्त में रिलीज होगी। ट्रेड विश्लेषक तरण आदर्श ने मंगलवार को एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने लिखा है, 'दिनेश विजन और राजकुमार राव एक बार फिर साथ आ रहे हैं। फिल्म 'प्रहार - द उज्ज्वल निकम स्टोरी' की रिलीज डेट की घोषणा कर दी गई है। यह फिल्म 7 अगस्त को रिलीज होगी। मैडॉक फिल्म की 'प्रहार' में राजकुमार राव के अलावा वामिका गब्बी, सिकंदर खेर और जयदीप अहलावत जैसे सितारे भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशन की कमान अविनाश अरुण संभालेंगे। बता दें कि 'प्रहार' एक बायोग्राफिकल फिल्म है। यह फिल्म देश के सबसे प्रसिद्ध वकीलों में से एक उज्ज्वल निकम के जीवन से प्रेरित है।

## टीवी मसाला




## टीवी पर नहीं लौटूंगा, बंधना नहीं चाहता : राकेश बेदी

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में तारक मेहता के बॉस का किरदार निभाने वाले दिग्गज अभिनेता राकेश बेदी ने हाल ही में असित कुमार मोदी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। एक्टर ने यह भी बताया कि वह टीवी पर रेगुलर रोल्स क्यों नहीं करना चाहते। एक बातचीत में राकेश ने कहा कि वह टीवी कॉन्ट्रैक्ट से बंधे नहीं रहना चाहते और 'तारक मेहता' में कम भुगतान मिलने के बारे में मजाकिया अंदाज़ में बात की। असित कुमार मोदी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'दोस्ती आपसी सम्मान और तारीफ पर टिकती है। वरना यह टिकती नहीं, खासकर हमारी इंडस्ट्री में जहां हर कोई प्रोफेशनल है और लगातार आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा है। लोग अक्सर गलाकाट कॉम्पटिशन की बात करते हैं, लेकिन मैं इसमें विश्वास नहीं करता। मुझे लगता है कि मेरी प्रतिस्पर्धा सिर्फ खुद से है। मैं हमेशा पहले से बेहतर बनने की कोशिश करता हूं।' हमारी दोस्ती की बात करें तो हम सभी इसलिए जुड़े हुए हैं, क्योंकि असित ने इस शो को बनाया और हमने इसे एक टीम के रूप में मिलकर आगे बढ़ाया। दरअसल, असित और मैंने तारक मेहता से पहले हम सब एक हैं में साथ काम किया था। एक्टर ने असित मोदी पर अपने भरोसे के बारे में भी बात की और 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में कम कमाई करने को लेकर मजाकिया अंदाज़ में कहा, 'जब भी असित को मेरी जरूरत होती है, मैं उनसे अपने रोल के बारे में कभी सवाल नहीं करता, क्योंकि मुझे पता है कि वो मुझे एक अच्छा किरदार देंगे और मेरे लिए अच्छे सीन लिखेंगे। मैं उनसे पैसों के बारे में भी कभी नहीं पूछता।

### बिना फेक ड्रामे के शो चलेगा?

**नई दिल्ली।** टीवी पर सीता, राधा और लक्ष्मी जैसे किरदार निभाकर पहचान बनाने वाली शिव्या पठानिया जल्द रियलिटी शो 'स्पेक्ट्रा' में नजर आएंगी।



दिलचस्प बात यह है कि जिस दौर में रियलिटी शो की पहचान लड़ाई, विवाद और कंट्रोवर्सी से बनती है... उसी दौर में शिव्या ऐसे शो का हिस्सा बनी हैं, जहां इनमें से कुछ भी नहीं है। हालांकि, शुरुआत में उन्हें खुद भी शक था कि बिना फेक ड्रामे के कोई शो ऑडियंस को बांध पाएगा या नहीं। शिव्या ने कहा, 'सच कहूं तो शुरुआत में हमें भी यही लगता था कि बिना फाइट्स और फेक ड्रामे के क्या शो लोगों को एंटरटेन कर पाएगा? क्योंकि आजकल हर जगह वही देखने को मिलता है। लेकिन, जब हमने इस जर्नी को करीब से जिया तो महसूस हुआ कि लोगों को सिर्फ शोर नहीं चाहिए। लोग असली इमोशंस भी देखना चाहते हैं। कलाकारों की मेहनत, उनकी परेशानियां, उनके रिश्ते और उनके स्ट्रगल भी उतने ही दिलचस्प हो सकते हैं। वैसे, हर चीज को वायरल बनाने के लिए विवाद जरूरी नहीं होता।

## नए घर की बालकनी पर खड़े दिखे दीपिका और रणवीर...



**मुंबई।** दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं। इनका परिवार बढ़ेगा, ऐसे में बॉलीवुड का यह कपल अपने लिए नया घर बनवा रहा है। हाल ही में अपने नए घर को देखने के लिए दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह पहुंचे। इस मौके पर दीपिका का बेबी बंप साफ नजर आया। कपल की सोशल मीडिया पर यह वीडियो और कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, इन पर फैंस भी खूब प्यार लुटा रहे हैं। एक वायरल पोस्ट और वीडियो में दीपिका और रणवीर अपने नए घर की बालकनी पर खड़े नजर आ रहे हैं। दीपिका ने व्हाइट शर्ट और पैंट पहनी है। उनका बेबी बंप भी साफ नजर आ रहा है। प्रेग्नेंसी ग्लो दीपिका के चेहरे पर साफ नजर आने लगा है। दीपिका को घर दिखाते हुए रणवीर सिंह काफी उत्साहित दिख रहे थे। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं, यह खुशखबरी कपल ने अप्रैल महीने में फैंस के साथ शेयर की थी। इससे पहले उनकी एक बेटी दुआ है, वह लगभग दो साल की होने वाली है। हालिया सामने आए वीडियो में दीपिका का बेबी बंप भी साफ नजर आने लगा है। फैंस एक्ट्रेस पर खूब प्यार लुटा रहे हैं, सोशल मीडिया पर रिएक्शन दे रहे हैं। दीपिका पादुकोण शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' और अल्लू अर्जुन की फिल्म 'राका' कर रही हैं।

## ऋषिकेश में स्कूटी पर गमछे में चेहरा छिपाकर निकलीं रवीना, जानकी पुल पर लगाने लगीं जयकारे



**नई दिल्ली।** रवीना टंडन हाल ही में ऋषिकेश पहुंचीं, जहां पीले रंग के गमछे से मुंह छिपाकर पहले तो स्कूटी पर बैठीं। साड़ी पहने रहने के बावजूद रवीना बड़ी आसानी से स्कूटी पर बैठ गईं। हालांकि, जानकी पुल से स्कूटी पर गंगा पार करते हुए आखिरकार रवीना ने गमछा हटा लिया और 'हर हर महादेव' के जयकारे लगाने लगीं। रवीना टंडन इन दिनों आध्यात्मिक रंग में रंगी दिख रही हैं। एक्ट्रेस ऋषिकेश पहुंचीं, जहां भक्ति का रंग उनपर खूब चढ़ा दिखा। ऋषिकेश की गलियों में रवीना साड़ी में स्कूटी पर नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपना चेहरा पीले रंग के गमछे से छिपा रखा था। यहां स्कूटी से जानकी सेतू पार करती हुई रवीना परमार्थ निकेतन पहुंचीं। बताया जा रहा है कि रवीना यहां अपने दो दिनों की आध्यात्मिक यात्रा पर पहुंची थीं, जिसकी कुछ झलकियां उन्होंने सोशल मीडिया पर भी शेयर कर रखी थीं। हालांकि, इस वक्त उनके उस वीडियो की चर्चा है जिसमें वो जानकी सेतू स्कूटी से पार करते हुए हर हर महादेव के जयकारे लगा रही हैं। रवीना पहले अपना चेहरा गमछे से छिपाकर स्कूटी पर बैठीं। गमछे पर जय गोमाता जय गोपाल लिखा था। हालांकि, साड़ी पहने रहने के बावजूद रवीना बड़ी आसानी से स्कूटी पर बैठ गईं। हालांकि, उन्हें कुछ लोगों ने पहचान लिया और वे उनके पीछे चलने लगे। जानकी पुल से स्कूटी पर गंगा पार करते हुए आखिरकार रवीना ने गमछा हटा लिया और दोनों हाथों को ऊपर कर महादेव के लिए जयकारे लगाने लगीं। एक्ट्रेस का ये सादा और भक्ति वाला रंग देख वहां मौजूद लोगों को ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर भी सबको काफी अच्छा लग रहा है। उन्हें वहां इस अंदाज में देखकर कई लोकल लोगों और टूरिस्ट ने उन्हें अपने मोबाइल में कैप्चर कर लिया। रवीना सीधे परमार्थ निकेतन पहुंचीं जहां उन्होंने कथा सुनी।

### मामा के सवाल पर छलके थे 12 साल के जतिन के आंसू

## राजेश खन्ना को जिन्होंने गोद लिया था, राजकुमार की तरह पाला

*नई दिल्ली। राजेश खन्ना को बहुत छोटी सी उम्र में उनके माता-पिता ने किसी और को गोद दे दिया था। ऐसा करने के पीछे एक बड़ी और खास वजह थी। हालांकि, राजेश खन्ना को बचपन में ही गोद लिए माता-पिता ने किसी राजकुमार की तरह पाला था, लेकिन एक दिन उन्हें तब धक्का लगा, जब उनके मामा ने उनसे कुछ ऐसी बातें कही कि वो रोते हुए अपनी मां के पास पहुंचे थे।*

### अंकल-आंटी ने लिया था गोद

राजेश खन्ना को बचपन में ही उनके अंकल आंटी ने गोद ले लिया था। बचपन में लोग उन्हें जतिन खन्ना के नाम से जानते थे। ये बात कम ही लोग जानते हैं कि उन्हें उनके चाचा-चाची ने गोद ले लिया था। इसके पीछे भी एक इमोशनल कहानी है जिसके बारे में एक्टर कभी बात करना पसंद भी नहीं करते थे। बताया जाता है कि जतिन के माता-पिता से चुन्नीलाल और लीलावती खन्ना ने उन्हें छोटी उम्र में ही उन्हें गोद ले लिया था। दरअसल, खन्ना की असली मां ने उनके जन्म से पहले ही अपने बच्चे को अपनी भाभी को सौंपने का वादा कर दिया था।

### गोद लेने वाले किस्से को टाल दिया करते थे

राजेश खन्ना इस फैक्ट्स के बारे में बात करने से हमेशा बचने की कोशिश करते थे। एक इंटरव्यू में राजेश खन्ना ने अपने बचपन में गोद लेने वाले किस्से को टाल दिया करते थे। खन्ना अक्सर जब भी प्रेस से बातें करते थे अपने बचपन के बारे में बात करते समय अलग-अलग किस्से सुनाया करते थे।



### दूसरी मां को चाई जी कहकर बुलाया करते थे

हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स ये भी बताते हैं कि जीवन से जुड़े इस राज ने जतिन के दिल और दिमाग पर गहरा असर डाला था। कहते हैं कि उन्हें उनकी मां लीलावती ने किसी राजकुमार की तरह पाला था और उन्हें लगने लगा था कि उनकी हर फरमाइशें पूरी होंगी। ऐसा अक्सर कहा जाता है कि बच्चों की हर फरमाइशें पूरी हों तो वे जिद्दी बन जाते हैं और राजेश खन्ना के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। यहीं से उन्हें ये लगने लगा था कि चाहे घर हो या स्कूल हर कोई बस उनपर ही ध्यान दें। जतिन अपनी इस दूसरी मां को चाई जी कहकर बुलाया करते थे।

### चुन्नीलाल निःसंतान थे

राजेश खन्ना को जिन्होंने गोद लिया था उनका नाम चुन्नीलाल और लीलावती खन्ना है, जो उनके रिश्तेदार यानी चाचा-चाची थे। दरअसल, एक्टर को गोद लेने के पीछे की वजह ये थी कि चुन्नीलाल खन्ना और उनकी पत्नी, निःसंतान थे। इसी वजह से राजेश खन्ना की अपनी मां ने संतान के रूप में उनका यह बच्चा सौंपने का वादा पहले ही कर दिया था।

### जतिन की जिद्द हर दिन बढ़ने लगी

और तो और, बताया जाता है कि अगर अपने मन की न हो तो वो रोना भी शुरू कर देते थे। अब बेशुमार प्यार ने उन्हें भी बिगाड़ा और जतिन की जिद्द हर दिन बढ़ने लगी। उनके बचपन से जुड़ी एक घटना ने उनपर गहरा असर डाला। बताया जाता है कि उनके परिवार के करीब रहे एक शख्स ने इस बारे में बताया था जिसके बारे में बताया था, जिसमें उन्हें मामा से डांट पड़ने की कहानी है। ये वो घटना थी जो उन्हें पूरी जिंदगी याद रह गई।

### *पिता की जद्दोजहद की कहानी जतिन ने काफी ध्यान से सुनी*

*एक इंटरव्यू में राजेश खन्ना ने बताया था कि घर वापस आकर मां से उन्होंने पूछा था कि डिजर्विंग का मतलब क्या होता है, ऐसा क्यों है कि एक बेटा अपने बाप की कुर्सी पर बैठ नहीं सकता? इसके बाद मां लीलावती ने उनसे जो कुछ कहा वो राजेश खन्ना यानी जतिन के दिमाग में गांठ बनकर रह गई। इसके बाद चाई जी ने उनके पिता के स्ट्रगल की पूरी कहानी सुनाई कि कैसे चुन्नीलाल ने एक चॉल में रहकर मुंबई में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष किया था। कई साल की मेहनत के बाद वो मामूली से सुपरवाइजर के बाद रेलवे में कॉन्ट्रैक्टर बने थे। फिर चाई जी ने उनसे कहा, 'तुम्हारे मामा ने जो तुम्हें आज लायक बनने की बात कही है, उसका मतलब ये है कि जिस तरह वो मेहनत करके उस कुर्सी तक पहुंचे, तुम्हें भी वैसी ही मेहनत करनी होगी।' उस दौरान पिता की जद्दोजहद की कहानी जतिन ने काफी ध्यान से सुनी थी। चाई जी ने कहा था, 'अगर अपने बुरे वक्त में भगवान को नहीं भूलते तो भगवान भी तुम्हें नहीं भूलता।' उस दिन उन्हें ये सबक समझ आ गया कि उन्हें जिंदगी में जो कुछ चाहिए, उसके लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।*

## खबर संक्षेप

### दूसरे दिन भी नहीं हुई कुलपति से मुलाकात

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की गंभीर समस्याओं को लेकर मंगलवार को भी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) का एक प्रतिनिधिमंडल विद्यार्थियों की समस्या को लेकर कुलपति कार्यालय पहुंचा, लेकिन आरोप है कि दूसरे दिन भी कुलपति ने बात नहीं की। गौरतलब है कि सोमवार को विद्यार्थियों के मुद्दों को लेकर अभाविप द्वारा कुलपति कार्यालय के समक्ष 2 घंटे दोपहर में प्रदर्शन किया गया था। इसके बाद मंगलवार को पुनः अभाविप का प्रतिनिधिमंडल छात्रहित से जुड़ी मांगों को लेकर कुलपति से मिलने पहुंचा। अभाविप प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों की समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने के बजाय उन पर लगातार मानसिक दबाव बना रहा है, जिससे विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक चिंतित और परेशान हैं। अभाविप के छात्र नेता कमलदीप अत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रहित के प्रति संवेदनशीलता नहीं दिखा रहा है।

### दो घंटे की पेनडाउन हड़ताल, दिया धरना, जताया रोष

# महिला आयोग चेयरपर्सन के बयान से भड़के नर्सिंग स्टाफ

**रेणु भाटिया के सार्वजनिक माफी मांगने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया के आपत्तिजनक बयान के बाद नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन में रोष बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को जिले के नागरिक अस्पतालों तथा सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर कार्यरत नर्सिंग स्टाफ ने सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक पेनडाउन हड़ताल की। धरने पर बैठी नर्सिंग कैडर वेलफेयर एसोसिएशन ने महिला आयोग की चेयरपर्सन के आपत्तिजनक व अपमानजनक टिप्पणी पर सार्वजनिक माफी मांगने की मांग उठाई। दो घंटे की पेनडाउन हड़ताल के चलते स्वास्थ्य सेवाओं पर भी असर पड़ा। पेनडाउन हड़ताल समाप्त होने के साथ ही मरीजों ने राहत की सांस ली।


**हिसार।** चेयरपर्सन के खिलाफ रोष जताती नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर संगीना, सीमा, रीतू, शकुंतला, संदीप कुमार, अनिल, मुकेश जांगड़ा, मोनिका सोनम, रविंद्र धोस्सीवाल, चंद्रकांत, सुनील कुमार, प्रवीण चाहर, रवि, प्रीतम सैनी, रेनू, अनुराधा, बलिंद्र, उमेद, पवन, शेर सिंह, उग्रसेन, वकील, रमन, धोलू, जितेंद्र, कृष्ण, सुरेंद्र आदि मौजूद थे।

नर्सिंग एसोसिएशन का कहना था कि नर्सिंग स्टाफ स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ है और किसी भी कर्मचारी वर्ग के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जा सकता है।

उधर, आदमपुर में राज्य कार्यकारिणी के आह्वान पर स्वास्थ्य संस्थाओं में नर्सिंग कैडर सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी संगठनों ने आयोग की चेयरपर्सन द्वारा की गई टिप्पणी और आरोपों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए विरोध जताया है। जिला तालमेल कमेटी के संयोजक नूर मोहमद और फार्मेसी ऑफिसर देवी पर्सन की संयुक्त अध्यक्षता में गेट मीटिंग कर रोष प्रदर्शन किया गया। एसोसिएशन ने चेताया कि आयोग की चेयरपर्सन द्वारा यदि नर्सिंग कैडर से सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी तो विरोध को और तेज किया जाएगा।


**हांसी।** महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया के बयान पर विरोध जताते नर्सिंग स्टाफ। *फोटो : हरिभूमि*

### हांसी में भी नर्सिंग स्टाफ का प्रदर्शन

**हांसी।** हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणू भाटिया की कथित टिप्पणी के विरोध में सोमवार को हांसी के नागरिक अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ ने प्रदर्शन किया। प्रदेशव्यापी आह्वान के तहत नर्सिंग कर्मियों ने करीब दो घंटे तक पेन-डाउन हड़ताल रखी, जिसके चलते अस्पताल की ओपीडी और अन्य सामान्य स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रहीं। इस दौरान इलाज के लिए पहुंची कई महिलाओं और मरीजों को बिना चिकित्सा परामर्श के ही वापस लौटना पड़ा। प्रदर्शनकारी नर्सिंग कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि हाल ही में कुरुक्षेत्र के एलएनजेपी अस्पताल प्रकरण के दौरान रेणु भाटिया द्वारा नर्सिंग स्टाफ के प्रति की गई टिप्पणियां अपमानजनक थीं। र्मचारियों ने इन बयानों पर कड़ा रोष व्यक्त करते हुए सार्वजनिक माफी की मांग की। विरोध स्वरूप अस्पताल परिसर में नारेबाजी की गई और अपनी नाराजगी प्रशासन तक पहुंचाई गई। अस्पताल में सुबह से ही मरीजों की भीड़ लगी रही, लेकिन नर्सिंग स्टाफ के कार्य बहिष्कार के कारण सामान्य सेवाएं प्रभावित हो गईं।


**नारनौंद।** नागरिक अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ हड़ताल कर प्रदर्शन करते हुए।

### नारनौंद में भी सांकेतिक धरना

**नारनौंद।** हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन के आपत्तिजनक बयान के विरोध में नागरिक अस्पताल में मंगलवार को नर्सिंग स्टाफ द्वारा दो घंटे का सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान नर्सिंग एसोसिएशन ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द ही चेयरपर्सन ने अपने बयान पर माफी नहीं मांगी तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरना प्रदर्शन के दौरान नर्सिंग स्टाफ ने अपनी मांग रखते हुए आरोप लगाया कि आयोग की चेयरपर्सन द्वारा स्टाफ नर्सों के प्रति अपशब्दों का प्रयोग किया गया है। नर्सिंग स्टाफ की मांग है कि चेयरपर्सन सभी नर्सिंग कर्मचारियों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगें अन्यथा आंदोलन ओर तेज किया जाएगा। एसोसिएशन ने कहा कि आज सिर्फ दो घंटे तक पेन छोड़ हड़ताल की गई है। एसोसिएशन की तरफ से जो आदेश आएंगे आगे उसी के अनुसार आंदोलन जारी रखने का काम करेंगे। नर्सिंग स्टाफ की हड़ताल के कारण मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ गई ओर गर्मी के मौसम में अफरा तफरी का माहौल बना रहा। जैसे ही नर्सिंग स्टाफ की हड़ताल खत्म हुई उसके बाद ही मरीजों ने राहत की सांस ली।


**हिसार।** बीएंडआर ब्रांच की आम सभा को संबोधित करते यूनियन पदाधिकारी।

### कार्यकारी अभियंता कार्यालयों पर 15 और 16 जून को प्रदर्शन की तैयारी

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की बीएंडआर ब्रांच की आम सभा मंगलवार को ब्रांच प्रधान रमेश शर्मा की अध्यक्षता में हुई। आम सभा का संचालन ब्रांच सचिव संदीप लाडवा ने किया। आम सभा में 15 और 16 जून को कार्यकारी अभियंता कार्यालयों पर होने वाले प्रदर्शन की तैयारियों पर चर्चा की गई। आम सभा को संबोधित करते हुए ब्रांच प्रधान रमेश शर्मा व ब्रांच सचिव संदीप लाडवा ने कहा कि प्रदेश सरकार कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार और विभागीय अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों के हित में न्यायालयों द्वारा दिए गए फैसलों को भी लागू नहीं किया जा रहा है। इससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। 4 जुलाई को सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी के आवास का तथा 18 जुलाई को जन स्वास्थ्य एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री रणबीर गंगवा के आवास का घेराव किया जाएगा। यदि सरकार ने मांगों की अनदेखी जारी रखी तो यूनियन आंदोलन करने को मजबूर होगी। आम सभा में यूनियन की जिला उपप्रधान सोनिया, अजय कुमार, रणवीर, कोषाध्यक्ष रमेश फौजी, संगठन सचिव सुभाष, राजेंद्र, अमित बामल, मनीषा, रेणू, ललिता, नीलम, प्रियंका, स्वीटी, जगदीश व रतन सहित अनेक कर्मचारी शामिल हुए।

# फायर एनओसी नहीं लेने वाले संस्थान रडार पर

- दमकल विभाग की टीमें संस्थानों का करेंगी सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

दिल्ली तथा हिसार के होटल में लगी आग की घटनाओं को लेकर सरकार व प्रशासन एक्टिव मोड़ में आ गया है। सरकार ने दमकल विभाग को आदेश जारी करते हुए हिसार व हांसी जिला के विभिन्न संस्थानों द्वारा ली गई एनओसी का डेटा तलब किया है। फायर एनओसी का डेटा तलब किए जाने के बाद विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग की टीमें संस्थानों का सर्वे करेंगी और सुरक्षा मानकों की जांच करेंगी।

सूत्र बताते हैं कि इंडस्ट्री सेक्टर को छोड़ दिया जाए तो हालात बेदह चिंताजनक है। पता चला है कि हिसार व हांसी में कुल 428 शिक्षण संस्थान है, जिनमें से केवल 345 के पास ही वैध एनओसी है। निजी अस्पतालों के आंकड़ों पर गौर किया जाए तो मामला बड़ा गंभीर है। करीब 300 अस्पतालों में से 177 ने ही अब तक फायर एनओसी ली है, बाकी के पास फायर एनओसी नहीं है। दमकल विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार होटल, बार व रेस्टोरेंट की संख्या 120 में से सिर्फ 88 के पास एनओसी है। इंडस्ट्री सेक्टर में 159 इंडस्ट्रीज के मुकाबले 159 ही एनओसी दर्ज हैं।

उधर, फायर ऑफिसर सुरेश मान का कहना है कि सर्वेक्षण के दौरान यदि मानकों में कमी पाई जाती है, तो कार्रवाई तय है। उन्होंने संस्थानों से अपील की है कि एनओसी महज एक कागजी दस्तावेज न हो, बल्कि मौके पर फायर सिस्टम पूरी तरह कार्यरत होना चाहिए।

# जांच के लिए आज मुख्यालय से आएगी टीम

- डिपो में कर्मचारियों को वित्तीय लाभ नहीं मिलने का लगा है आरोप, 26 दिन से जारी है धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

कर्मचारियों की वर्षों पुरानी लंबित मांगों और वित्तीय लाभों के भुगतान को लेकर साझा संघर्ष समिति के बैनर तले चल रहा धरना मंगलवार को 26वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता अनूप श्योकंद ने की, जबकि मंच संचालन जितेंद्र शर्मा ने किया।

धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारियों की जायज मांगों और लंबित वित्तीय लाभों का भुगतान होने तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों में अपने अधिकारों को लेकर भारी रोष है और सभी कर्मचारी पूरी एकजुटता एवं मजबूती के साथ संघर्ष में डटे हुए हैं।

साझा संघर्ष समिति के नेताओं ने बताया कि हिसार डिपो के कर्मचारियों को लंबे समय से वित्तीय लाभ न मिलने के मामले की जांच के लिए महानिदेशक द्वारा एक विशेष समिति का गठन किया गया है। समिति में लेखराज (महाप्रबंधक) और विनोद ढांडा (एसएओ, मुख्यालय) को शामिल किया गया है। यह समिति 10 जून से 12 जून तक हिसार डिपो का निरीक्षण करेगी तथा कर्मचारियों को समय पर वित्तीय लाभ न मिलने के कारणों और इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जांच कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

धरने के दौरान साझा संघर्ष समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें आंदोलन की आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि यदि उनकी मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभागीय प्रशासन की होगी।

### मांगों को लेकर 11 को मंत्री रणबीर गंगवा का आवास का होगा घेराव

**हिसार।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन द्वारा कर्मचारियों की मांगों को लेकर 11 जून को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंत्री रणबीर गंगवा के हिसार स्थित आवास का घेराव किया जाएगा। यूनियन के प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान ने बताया कि घेराव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और प्रदेशभर से कर्मचारी इसमें भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार कर्मचारियों की मांगों की लगातार अनदेखी कर रही है, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। यूनियन ने 22 मई को रोष प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा था, लेकिन मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि आंदोलन के दूसरे चरण में अब 11 जून को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मंत्री रणबीर गंगवा के आवास का घेराव किया जाएगा। नरेंद्र धीमान ने बताया कि यूनियन लंबे समय से कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर संघर्ष कर रही है। मांगों में ग्रामीण जलघरों और जल-मल व्यवस्था के निजीकरण व पंचायतों को हस्तांतरण पर रोक, कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पदोन्नति लाभ, टर्म अप्वायटमेंट कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने, धुलाई भत्ता बहाल करने, डिप्लोमा धारकों को जेई पद पर पदोन्नति देने, ड्यूटी के दौरान मृत्यु पर आर्थिक सहायता और आश्रित को नौकरी देने सहित कई मुद्दे शामिल हैं।

# निर्माणाधीन सड़क पर बार-बार टूट रहे सीवरेज मेनहोल, गुणवत्ता पर उठे सवाल

- कई महीनो से टूटे पड़े हैं मेनहोल प्रशासन नहीं ले रहा संज्ञान हादसे का बना रहता है खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना


**उकलाना।** क्षतिग्रस्त सीवरेज मैनहॉल के ढक्कन।

सिरसा-चंडीगढ़ राज्य मार्ग पर उकलाना में निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज एवं सर्विस लेन के कार्य के बीच जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सीवरेज मैनहोल बार-बार टूटने से स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई है। लोगों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग की निर्माणाधीन सड़कों पर बने सीवरेज मैनहोल पिछले छह महीनों में दो से तीन बार टूट चुके हैं, जिससे उनकी गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

रेलवे पुल निर्माण का कार्य पिछले लगभग अढ़ाई वर्षों से जारी है। पुल के दोनों ओर सर्विस लेन का निर्माण किया जा रहा है। एक ओर सड़क का अधिकांश निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि दूसरी ओर कार्य प्रगति पर है। इसी दौरान सीवरेज लाइन के मैनहोल कई बार क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। कई बार राहगीर और वाहन चालक भी इन टूटे मैनहोलों के कारण दुर्घटनाओं का शिकार होने से बाल-बाल बचे हैं।

स्थानीय निवासी गुरु चरण सिंह ने प्रशासन और सरकार से मैनहोलों की गुणवत्ता की जांच करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अभी सड़क पूरी तरह शुरू भी नहीं हुई है और मैनहोल कई बार टूट चुके हैं। यदि वर्तमान में यह स्थिति है तो भविष्य में भारी यातायात शुरू होने के बाद समस्या और गंभीर हो सकती है। उनका कहना है कि एक माह से अधिक समय से कुछ मैनहोल क्षतिग्रस्त पड़े हैं, लेकिन संबंधित विभागों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही।

इस संबंध में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ठ अभियंता अजय ढुल ने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान भारी वाहनों और मशीनों का आवागमन लगातार बना रहता है। सड़क का स्तर पूरी तरह निर्धारित नहीं होने के कारण मैनहोलों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जिससे वे क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि जो मैनहोल टूटे हुए हैं, उन्हें जल्द ही दुरुस्त करवा दिया जाएगा।

# आईटीआई में दो दिवसीय योग कार्यक्रम में कराया योगाभ्यास


**हिसार।** योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम में योगाभ्यास करते प्रशिक्षु एवं कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में हरियाणा सरकार तथा हरियाणा योग आयोग के निर्देशानुसार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग तथा हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को आयुष विभाग के सहयोग से योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वर्ग अनुदेशक ललित पूनिया ने बताया कि आयुष विभाग के योग सहायक कुलदीप शर्मा एवं बिजेंद्र द्वारा प्रतिभागियों को योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान योग सहायकों ने खेल के रूप में योगासन की संभावनाओं एवं चुनौतियों तथा विभिन्न रोगों के निवारण में योग अभ्यास के प्रमाण आधारित लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्थान के प्रशिक्षुओं, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर वर्ग अनुदेशक दीपक कटारिया सहित संस्थान के अन्य कर्मचारी एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

# गुरु हमेशा अपने शिष्यों की करते हैं सुरक्षा बताते हैं सही मार्ग : दलबीरानंद महाराज

- ज्ञानदीप सेवार्थ आश्रम में निर्वाण दिवस पर आश्रम में भंडारा लगाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

कैमरी रोड स्थित ज्ञानदीप सेवार्थ आश्रम में श्री श्री 1008 श्री ओमा नंद महाराज जी के आठवें निर्वाण दिवस पर आश्रम में भंडारा लगाया गया। इस अवसर पर दलबीरानंद महाराज ने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि गुरु हमेशा अपने शिष्यों की सुरक्षा करते हैं।

उन्हें सही ज्ञान मार्ग देते हैं ताकि वह शिष्य किसी भी परीक्षा में असफल न हो सके। उन्होंने कहा कि आज हम प्रभु, परमपिता परमात्मा की आराधना तो करते हैं परंतु अपनी दुनियावी जरूरतों के साथ कि परमात्मा मेरा यह काम हो जाए तो मैं यह अनुष्ठान करूंगा या मैं यह प्रसाद बांटूंगा जबकि गुरु महाराज फरमाते हैं कि अगर हमें परमात्मा से कुछ मांगना है तो सच्ची भक्ति मांगनी चाहिए। आश्रम से जुड़े सेवादारों ने 'देना है तो दीजिए जन्म-जन्म का साथ, गुरुवर पर श्रद्धा रखें हृदय रखें विश्वास, निर्मल होगी बुद्धि तब जैसे रूई कपास, गुरुदेव तुम्हारे चरणों में मनन है, तुम्हारे चरणों में लग जाए लौ, वो पा जाए मुक्तिह्न आदि भजनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध किया। आरती के बाद ने प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर पार्षद राजेन्द्र बिड़लान, राजेश अरोड़ा, चन्द्र भान गांधी, जितेन्द्रानंद, स्वामी सदानंद आदि मौजूद रहे।


**हिसार।** महंत दलबीरानंद महाराज सम्मात करते हुए।

### छीना-झपटी मामले का आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पीओ स्टाफ ने एक उद्घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान रोहतक जिले के गढी मोहल्ला व हाल सिरसा जिले के गांव धमोड़ा निवासी नितेश उर्फ लिलेश के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पकड़े गए आरोपी को अदालत द्वारा 10 अप्रैल 2024 को उद्घोषित आरोपी घोषित किया गया था। अदालत द्वारा उद्घोषित किए जाने के बाद से आरोपी लगातार गिरफ्तारी से बचने के लिए अपने ठिकाने बदल रहा था। उन्होंने बताया कि पीओ स्टाफ हांसी ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी को कार्रवाई के लिए थाना शहर हांसी के हवाले किया गया है।


**हिसार।** उप आंचलिक प्रबंधक निधि भार्गव का स्वागत करते पेंशनर्स एवं अधिकारी।

### बैंक पेंशनर्स के हितों के प्रति संवेदनशील : निधि

**हिसार।** पंजाब नेशनल बैंक के जोनल कार्यालय चंडीगढ़ की उप आंचलिक प्रबंधक निधि भार्गव अपने आधिकारिक दौरे पर पंजाब नेशनल बैंक के मंडल कार्यालय हिसार पहुंचीं। इस दौरान ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन, हिसार मंडल के अध्यक्ष सत्यवीर सिंह और सचिव सुनील कुमार जैन ने अन्य सदस्यों के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मंडल प्रमुख नरेश गर्ग, उप मंडल प्रमुख विल्फ्रेड सिंह तथा भूपिंदर सैनी भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान निधि भार्गव ने पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुझावों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बैंक पेंशनर्स के हितों और सुविधाओं के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। उन्होंने एसोसिएशन के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि यदि किसी शाखा के कार्य संचालन में किसी प्रकार की कठिनाई या सुधार की आवश्यकता महसूस हो तो इसकी जानकारी बैंक के उच्च अधिकारियों को अवश्य दें, ताकि ग्राहकों और पेंशनर्स को बेहतर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

### जिला बार चुनाव को लेकर विशेष जनरल हाउस मीटिंग

# प्रत्याशियों ने हाउस के सामने रखा विजन

**पांच पदों के लिए 17 प्रत्याशी हैं चुनाव मैदान में**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


**हिसार।** मीटिंग को संबोधित करते चुनाव अधिकारी दलीप जाखड़ एडवोकेट।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर सहायक चुनाव अधिकारियों अधिवक्ता राजबीर सिंह पायल, रतन सिंह पानू, राम सिंह सोढ़ी, मीनू शर्मा, कमल गुप्ता, अनुराग भारद्वाज, हिमांशु आर्य खोवाल भी मौजूद रहे।

जिला बार एसोसिएशन के बार रूम में आगामी वार्षिक चुनाव-2026 के संबंध में एक विशेष जनरल हाउस मीटिंग एवं उम्मीदवार परिचय का किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिसार बार के चुनाव अधिकारी दलीप जाखड़, अधिवक्ता द्वारा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य चुनाव लड़ रहे सभी उम्मीदवारों को बार के सम्मानित सदस्यों के समक्ष अपने विचार, प्राथमिकताएं एवं योजनाएं प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करना था। इस दौरान सभी उम्मीदवारों ने अपने-अपने दृष्टिकोण से बार के विकास, अधिवक्ताओं के कल्याण, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, युवा अधिवक्ताओं के हितों की सुरक्षा तथा न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं को सुविधाएं उपलब्ध करवाने संबंधी विचार प्रस्तुत किए। उम्मीदवारों ने विश्वास व्यक्त किया कि बार के सदस्य लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करते हुए योग्य एवं सक्षम नेतृत्व का चयन करेंगे। चुनाव अधिकारी दलीप जाखड़ ने चुनाव संबंधी आवश्यक जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि जिला बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव 12 जून को प्रातः 9:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक बार रूम, न्यायालय परिसर में आयोजित किए जाएंगे। चुनाव पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत बैलेट पेपर के माध्यम से संपन्न करवाए जाएंगे। चुनाव के दिन अधिवक्ताओं की सुविधा एवं अधिकतम मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला बार एसोसिएशन, हिसार द्वारा अदालती कार्य स्थगित रहेगा।

**NOTICE**

I, BRIJ MOHAN S/o ARJUN DASS GARG R/o H.No. 701, Sector 15-A, Hisar, Haryana (125001) have changed my name to (BRIJ MOHAN GARG) by way of an affidavit sworn before notary (Mohinder Kumar Advocate) at (Hisar) on 09.06.2026.

**ग्राम पंचायत ढाणी ब्राह्मणान**
**खंड-नारनौंद (हिसार) हरियाणा**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ढाणी ब्राह्मणान खंड नारनौंद जिला हांसी में शिव मंदिर वाले तालाब की मत्स्य पालन हेतु खुली नीलामी दिनांक 16.06.2026 को प्रातः 10 बजे गांव के सरकारी स्कूल में करवाई जाएगी। इसकी जमानत राशि 10000/- रूपये होगी। बाकी शर्तें मौके पर ही बताई जाएंगी। इच्छुक बोली दाता बोली में भाग ले सकता है।

ग्राम सचिव, ग्राम पंचायत-ढाणी ब्राह्मणान, खंड-नारनौंद
सरपंच, ग्राम पंचायत ढाणी ब्राह्मणान, मो. नं. 9991633185

## खबर संक्षेप

### खेत में बनी ढाणी से बाइक चुराने का आरोपी काबू

**हिसार।** पुलिस ने वाहन चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की है। लाडवा निवासी परमवीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि खेत स्थित ढाणी से उसकी मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी खरड़ अलीपुर गांव निवासी मोनू को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई।

### देशी शराब के साथ पकड़े गए आरोपी को जेल भेजा

**हिसार।** पुलिस टीम ने किरोड़ी गांव के राजबीर उर्फ राजू काबू कर उसके कब्जे से 7 लीटर देशी शराब तथा 60 लीटर लाहन बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी को अदालत में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि ऐसे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई की जा सके।

### चोरीशुदा पानी की मोटर के साथ आरोपी काबू

**हिसार।** पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरीशुदा पानी की मोटर बरामद की है। पकड़े गए आरोपी टिब्बा दानाशेर निवासी सुभाष का अदालत में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस द्वारा चोरी एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### एसयूसीआई ने की सिलेंडर के दाम बढ़ाने की निंदा

**हिसार।** एसयूसीआई कम्युनिस्ट ने रसोई गैस के दाम में 29 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़ोतरी की निंदा करते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की है। पार्टी के राज्य सचिव राजेंद्र सिंह एडवोकेट व राज्य सचिव मंडल सदस्य मेहर सिंह बांगड़ ने कहा कि ये बढ़ोतरी जनविरोधी है। डीजल-पेट्रोल के रेटों में बढ़ोतरी से हर आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ गए हैं। पहले से ही मंहगाई की मार से पीड़ति जनता के लिए यह मार और भी असहनीय एवं पीड़ादायक है।

### सूर्य नमस्कार, प्राणायाम और ध्यान के लाभ बताए

# योग, संस्कार व राष्ट्रभक्ति से होगा चरित्र निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास करते असिस्टेंट योग टीचर ट्रेनिंग कैंप एवं बाल संस्कार-चरित्र निर्माण शिविर के साधक। *फोटो : हरिभूमि*

भारत स्वाभिमान न्यास एवं पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में ठाकुरदास भार्गव सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रहे 15 दिवसीय असिस्टेंट योग टीचर ट्रेनिंग कैंप एवं बाल संस्कार-चरित्र निर्माण शिविर के तीसरे दिन मंगलवार को साधकों को प्राणायाम एवं ध्यान साधना पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। प्रवक्ता सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्र की सुरक्षा एवं सेवा में योगदान देने वाले सेना, पुलिस तथा अन्य सुरक्षा सेवाओं से जुड़े साधकों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। योगाभ्यास के साथ-साथ शिविर में वैदिक हवन-यज्ञ का आयोजन भी किया गया। प्रशिक्षकों ने योग प्रशिक्षण के दौरान सूर्य नमस्कार के आध्यात्मिक, शारीरिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर विशेष चर्चा की गई। प्रशिक्षण के दौरान मानव शरीर की संरचना एवं कार्यप्रणाली पर चर्चा करते हुए शरीर रचना विज्ञान (एनाटॉमी) के महत्वपूर्ण पहलुओं को समझाया गया। शिविर में भ्रामरी प्राणायाम का विशेष अभ्यास भी कराया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि भ्रामरी प्राणायाम करते समय मधुमक्खी के समान गुंजन ध्वनि उत्पन्न की जाती है, जिससे मस्तिष्क को गहरा विश्राम मिलता है तथा तनाव, चिंता, क्रोध और मानसिक अशांति में कमी आती है। नियमित भ्रामरी प्राणायाम एकाग्रता, स्मरण शक्ति, मानसिक संतुलन तथा सकारात्मक सोच को विकसित करने में अत्यंत सहायक है। ध्यान साधना सत्र में बताया गया कि ध्यान कोई जटिल प्रक्रिया नहीं है। जो कार्य हम कर रहे हैं उसे पूर्ण जागरूकता, एकाग्रता और सजगता के साथ करना ही ध्यान का प्रारंभिक स्वरूप है।

प्रवक्ता सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी ने कहा कि शिविर का उद्देश्य केवल योगाभ्यास कराना नहीं, बल्कि स्वस्थ, जागरूक, संस्कारित एवं राष्ट्रनिष्ठ नागरिकों का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति को स्वयं से जोड़ता है, संस्कार समाज से जोड़ते हैं और राष्ट्रभक्ति देश को सशक्त बनाती है।



## याद बहुत आते हैं वो दिन...

# जब प्रशांत महासागर के बीच थम गई थीं 25 जिंदगियों की सांसें

**नवीन मेहतानी, समुद्री सलाहकार**

आज भी अपने वो पुराने दिन बहुत याद आते हैं। वर्ष 1998 की बात है, जब मैं एक समुद्री जहाज में यूएसए के फ्लोरिडा से ग्रेपफ्रूट लेकर जापान के लिए चला था। सफर के दौरान अचानक प्रशांत महासागर के बीचों बीच हमारे जहाज का इंजन फेल हो गया। इंजन फेल होने के कारण हालात बेहद सीरियस हो गए। उस समय जहाज पर मैं बतौर चीफ इंजीनियर तैनात था और मेरे साथ क्रूज के 25 सदस्य भी मौजूद थे। इंजन फेल होने की सूचना जैसे ही क्रूज के सदस्यों को मिली, उनमें अचानक बेचैनी और दहशत का आलम छा गया। जहां तक नजर जाती, सिर्फ समुद्र ही समुद्र दिखाई दे रहा था। सबसे बड़ी चिंता यह थी कि करीब 2000 किलोमीटर तक कोई बंदरगाह नहीं थी, जिससे तुरंत कोई बाहरी मदद मिल सके। उस खौफनाक माहौल में मैंने क्रूज सदस्यों को हिम्मत बंधाते हुए दृढ़ता से कहा कि मैं इस शिप को डूबने नहीं दूंगा। ऐसी विकट परिस्थिति में मेरा पुराना तकनीकी नॉलेज और लंबा समुद्री अनुभव काम आया और मैंने हालात को पूरी मजबूती से हैंडल किया। बिना किसी बाहरी मदद के, बीच समंदर में इंजन को पूरी तरह ठीक करने में हमें लगातार दो दिन का समय लग गया। दो दिन की भारी मशक्कत के बाद जैसे ही इंजन ठीक हुआ, मौत के साए में जी रहे क्रूज सदस्यों के चेहरों पर दोबारा रौनक लौट आई। इस ऐतिहासिक घटना और रेस्क्यू के बाद कंपनी ने मुझे आगे शिप पर भेजना बंद कर दिया और मेरे मैनेजमेंट को देखते हुए प्रमोशन करके मुझे सीधे हेड मैनेजमेंट ऑफिस में शामिल कर लिया।

### समुद्री बचाव में हरियाणवी सबसे आगे



नवीन

मेरा काफी लंबा जीवन समुद्र की इन्हीं ऊंची-ऊंची लहरों के बीच बीता है। इस लंबे सफर के अनुभव से मैं कह सकता हूं कि समुद्री जहाज पर 'साल्वेज' की बहुत बड़ी भूमिका रहती है। साल्वेज का सीधा अर्थ संकट में फंसे या दुर्घटनाग्रस्त जहाज, उस पर लदे माल और चालक दल को सुरक्षित बाहर निकालना होता है। आपको जानकर गर्व होगा कि इस बेहद चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरे साल्वेज कार्य में आज 99 फीसद हरियाणवी शामिल हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह हरियाणवियों का अदम्य जज्बा और उनकी मजबूत कद-काठी है।

### जब एनसीसी कैडेट की मुस्तैदी से टला था बड़ा बस हादसा



वर्ष 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान पता चला कि कुछ घुसपैठिए सातरोड गांव के पास जिंदल फैक्ट्री के पीछे रेलवे लाइन को उड़ाने की फिराक में हैं। मैं अपने पिता और साथियों के साथ तुरंत मौके पर पहुंचा और एक घुसपैठिए को धर-दबोचा पुलिस के हवाले कर दिया। इसके बाद वर्ष 1986 में एक और बड़ी घटना हुई। हम एनसीसी कैंप में भाग लेकर दिल्ली से रोडवेज बस द्वारा हिसार लौट रहे थे। रोहतक के पास अचानक चालक को झपकी आ गई और बस मुख्य सड़क से नीचे उतर गई। मेरी नजर पड़ते ही मैंने तुरंत स्टेयरिंग संभाल लिया। उस समय वर्ष 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद के माहौल के कारण मेरी बढ़ी हुई दाढ़ी देखकर बस में सवार एक फौजी ने शोर मचा दिया कि बस में आतंकवादी आ गए हैं। इसी बीच बस परिचालक की नींद खुली और बस को डगमगाता देख वह चिल्लाया 'बस गई, बस गई'। हालांकि, तब तक चालक जाग चुका था और उसने ब्रेक लगा दिए।

### संयुक्त परिवारों की घटती परंपरा

बाद में हमने इसकी शिकायत तत्कालीन रोडवेज जीएम युद्धवीर सिंह ख्यालिया से की। जब उन्होंने चालक को सस्पेंड करने की बात कही, तो हमने उन्हें रोका और बताया कि गलती चालक की नहीं बल्कि ड्यूटी क्लर्क की है, जो उसे आराम दिए बिना लगातार ड्यूटी पर भेज रहा था। इसके बाद चालक बच गया और क्लर्क पर कार्रवाई हुई। संयुक्त पंजाब के समय हरियाणा में मेरे पिता की बड़ी ट्रांसपोर्ट कंपनी थी, जिससे मुझे बड़ी गाड़ियां चलाने का अनुभव मिला। मैं अब तक करीब साढ़े 16 लाख किलोमीटर गाड़ी चला चुका हूं। आज संयुक्त परिवारों के टूटने से संस्कारों में कमी आई है। मुझे याद है, हम 28 बहन-भाई अपने दादाजी से चिपके रहते थे और वे हमें जीवन के बेहतरीन संस्कार देते थे। आज हालात काफी बदले हैं और शान-शौकत के लिए एकल परिवार बढ़ते जा रहे हैं। विदेशों में बसने का चलन तेजी से बढ़ा है। कई बार हम जैसे बुजुर्गों के अंदर विचार आते हैं कि अपने पोता-पोती की शादी में शामिल हो पाएंगे या फिर नहीं।

# नगराधीश ग्रीष्मकालीन शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे

**शिविर में भाग लेने वाले बच्चों का किया उत्साहवर्धन**



हांसी : ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स को देखते सीटीएम हिमांशु चौहान *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा बाल भवन में आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर का मंगलवार को नगराधीश हिमांशु चौहान ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में भाग ले रहे बच्चों से संवाद कर उनकी विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया तथा उनका उत्साहवर्धन किया। निरीक्षण के दौरान नगराधीश हिमांशु चौहान ने कहा कि ग्रीष्मकालीन शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। ऐसे शिविर बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ कला, संस्कृति, खेल, नैतिक मूल्यों और सामाजिक व्यवहार सीखने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना समय की आवश्यकता है, जिससे उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच का विकास हो सके।

नगराधीश ने शिविर में उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न गतिविधियों और व्यवस्थाओं की सराहना की। इस अवसर पर जिला बाल कल्याण अधिकारी ओमप्रकाश ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए शिविर की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी मोनिका, धर्मबीर, अमरजीत, कर्मबीर चोपड़ा, गीता, मनीषा, निर्मल, टिंकू सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### टाउन पार्क में समस्याओं को लेकर शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

**हिसार।** पीएलए सेक्टर के नजदीक टाउन पार्क में घूमने आने वाले नागरिकों और अन्य लोगों ने शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा को पत्र लिखकर समस्याओं का समाधान करवाने की मांग की है। नागरिकों ने पत्र में कहा है कि अभी तक पार्क में पेयजल के लिए वाटर सप्लाई का कोई कनेक्शन नहीं है। भूमिगत जल और हैंडपंप का पानी प्रयोग में लाया जाता है जो टीडीएस की मात्रा अधिक होने के कारण पीने योग्य नहीं होता। पार्क के पिछले गेट के सामने हल्की बरसात में ही पानी जमा हो जाता है जिससे इस गेट से नागरिकों को आने जाने में काफी कठिनाई होती है। इस बारे में मेयर, एक्सईएन, एसडीओ और जेई को अवगत कराया जा चुका है। इसके अलावा म्यूनिसिपल कार्पोरेशन के अधिकारियों को भी मौका दिखाया जा चुका है और इसे दूर करने के लिए सुझाव भी दिए गए है, लेकिन कोई समाधान आज तक नहीं किया गया है। उन्होंने मांग की कि पार्क में लगी मशीनों के चारों तरफ ईंटों की हल्की वाउंडरी लगाकर रेत डाला जाए जिससे फायदा होगा, इसके लिए भी मेयर को और जेई को निजी तौर पर जानकारी दी गई थी। पार्क की पार्किंग के गेट के लिए स्लाइडिंग डोर लगाया जाए और एंट्रेस को सही किया जाए। पार्किंग के गेट में एनिमल ट्रैप लगाया जाए।

# प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के नवनिर्वाचित चेयरमैन का पद ग्रहण समारोह 11 को

**चेयरमैन पद ग्रहण समारोह की तैयारियां जोर-शोर से जारी, देशभर से जुटेंगे नेता**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के नवनिर्वाचित चेयरमैन विधायक चंद्रप्रकाश का पद ग्रहण समारोह 11 जून को आयोजित किया जाएगा। चंडीगढ़ के सेक्टर-9 बी स्थित हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रातः 11 बजे आयोजित होने वाले इस भव्य कार्यक्रम में देश व प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पदाधिकारी व कार्यकर्ता काफी संख्या में पहुंचेंगे। इस आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। विधायक चंद्रप्रकाश ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन के दायित्व को निभाते हुए ओबीसी वर्ग के उत्थान और कल्याण के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे और पिछड़ा वर्गों के हक और न्याय के लिए संघर्ष में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जनसाधारण तक पहुंचाने में हरियाणा ओबीसी डिपार्टमेंट अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



**हिसार।** ढंढूर में बूथ लेवल एजेंट प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते विधायक चंद्रप्रकाश।

### ढंढूर में दिया बूथ लेवल एजेंट को प्रशिक्षण

आदमपुर हलके के गांव ढंढूर की रविदास धर्मशाला में आयोजित बूथ लेवल एजेंट-2 प्रशिक्षण शिविर में पहुंचकर विधायक चंद्रप्रकाश ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रशिक्षण देते हुए समझाया कि एसआईआर के समय किसी भी मतदाता के अधिकारों का हनन नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही असली वोट कटना नहीं चाहिए और नकली वोट बनना नहीं चाहिए। इस अवसर पर विधायक चंद्रप्रकाश ने ग्रामवासियों से मुलाकात भी की और उनका कुशलक्षेम भी जाना।

# शहीद भगत सिंह संगठन समिति ने चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

शहीद भगत सिंह संगठन समिति के सदस्यों ने मंगलवार को शहीद भगत सिंह पार्क एवं शहीद मदन लाल ढींगड़ा पार्क में सफाई अभियान चलाकर पार्कों की बदहाल स्थिति पर रोष जताया। समिति पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से पार्कों की सफाई व्यवस्था की ओर प्रशासन और नगर परिषद का कोई ध्यान नहीं है, जिसके चलते उन्हें स्वयं सफाई अभियान चलाने के लिए मजबूर होना पड़ा। समिति के प्रधान सरदार कृष्ण इलावादी ने बताया कि पार्कों की सफाई को लेकर कई बार नगर परिषद अधिकारियों से गुहार लगाई गई, लेकिन इसके बावजूद एक भी सफाई कर्मचारी पार्कों की सफाई के लिए नहीं भेजा गया। महिला प्रधान शमां मल्होत्रा ने कहा कि जब किसी सफाई ठेके की अवधि समाप्त होने वाली होती है तो नगर परिषद को समय रहते नया ठेका जारी कर देना चाहिए, ताकि सफाई व्यवस्था प्रभावित न हो। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों की उदासीनता के कारण शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। समिति सदस्य किशोरी नागपाल ने आरोप लगाया कि पार्क निर्माण कार्य आज भी अधूरा पड़ा हुआ है।



**हांसी।** पार्क में सफाई अभियान चलाते शहीद भगत सिंह संगठन समिति सदस्य *फोटो : हरिभूमि*

### थर्ड-हरियाणा एनसीसी बटालियन में हुआ आउटरीच कार्यक्रम



**हिसार।** सेना भर्ती कार्यालय हिसार द्वारा थर्ड-हरियाणा एनसीसी बटालियन में एक विशेष आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं एनसीसी कैडेट्स को भारतीय सेना में उपलब्ध करियर अवसरों तथा अग्निपथ योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। सेना अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सेना भर्ती प्रक्रिया, अग्निपथ योजना, शैक्षणिक एवं कौशल विकास के अवसरों तथा अग्निवीरों के लिए उपलब्ध सेवा उपरांत लाभों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सैनिकों और अग्निवीरों के लिए केंद्र एवं हरियाणा सरकार द्वारा उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं और योजनाओं की भी जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण, आयु सीमा में छूट, कौशल प्रमाणन, स्वरोजगार एवं रोजगार के अवसरों सहित अन्य लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया।

# जिंदल स्टेनलेस ने शुरू किया प्लास्टिक-मुक्ति अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिंदल स्टेनलेस ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हिसार और जाजपुर संयंत्रों में जागरूकता अभियान, कचरा प्रबंधन और हरियाली बढ़ाने से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए। इस वर्ष की वैश्विक विषय प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए, हमारी प्रकृति के लिए को ध्यान में रखते हुए आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य कंपनी के कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों की अधिक भागीदारी से पर्यावरण की जिम्मेदारीपूर्वक देखभाल के प्रयासों को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर कंपनी ने हिसार में प्लास्टिक-मुक्ति अभियान शुरू किया। इसके तहत स्थानीय बाजारों में सब्जी विक्रेताओं को दोबारा इस्तेमाल किए जा सकने वाले 10,000 सूती बैग वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक पर निर्भरता कम करना और रोजमर्रा के कामकाज में बेहतर विकल्पों को बढ़ावा देना था। इस अभियान में स्थानीय विक्रेताओं और लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिंदल स्टेनलेस ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से पुनर्चक्रण के लिए अधिकृत साझेदार गॉविन्स ग्रीन मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से बड़े स्तर पर इलेक्ट्रॉनिक कचरा एकत्र अभियान भी चलाया। इसके तहत संयंत्र परिसर और आसपास के रिहायशी इलाकों से लगभग 900 किलोग्राम इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट एकत्र किया गया, जिसका जिम्मेदारीपूर्वक निपटान और पुनर्चक्रण किया जाएगा।



**हिसार।** जेएसएल द्वारा दिए गए बैग में सब्जी देता रेहड़ी संचालक। *फोटो : हरिभूमि*

### पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी केवल हमारे संयंत्रों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए

जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी केवल हमारे संयंत्रों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। हमारा मानना है कि इसे रोजमर्रा के कामकाज का हिस्सा बनाना चाहिए। ऐसी पहलों के माध्यम से हम कर्मचारियों, स्थानीय निवासियों और आने वाली पीढ़ियों को एक साथ लाकर सतत विकास के प्रति साझा जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं।

### लाइब्रेरी का नाम बदलने का विरोध, सौंपा ज्ञापन

**हिसार।** कालीरावण गांव स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर लाइब्रेरी का नाम बदलकर अटल लाइब्रेरी लिखे जाने के विरोध में डॉ. आंबेडकर सभा, लाइब्रेरी प्रबंधन समिति एवं अनुसूचित जाति समाज ने विरोध दर्ज कराया। इस संबंध में एक प्रतिनिधिमंडल ने डीसी एवं एसपी को ज्ञापन एवं शिकायत पत्र सौंपकर कार्रवाई करने तथा लाइब्रेरी का मूल नाम डॉ. भीमराव आंबेडकर लाइब्रेरी यथावत रखने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर देश के संविधान निर्माता एवं सामाजिक न्याय के महान प्रतीक हैं। इस अवसर पर भीम आर्मी के प्रदेश महासचिव एडवोकेट संतलाल अंबेडकर, मास्टर धर्मवीर कालीरावण, दलीप कालीरावण, रोहतास, बजरंग, हरीश, कृपाराम, विकास आदि मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

# अपराध मामलों में ढिलाई नहीं, सख्त कार्रवाई होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

लघु सचिवालय स्थित वीसी सभागार में उपायुक्त महेंद्र पाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मासिक चिह्नित अपराध, एससी/एसटी एक्ट केस समीक्षा तथा डीटीपी टास्क फोर्स कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त महेंद्र पाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चिह्नित अपराधों से संबंधित मामलों में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए तथा दोषियों को कानून के अनुसार सख्त सजा दिलाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। बैठक के दौरान उन्होंने विभिन्न श्रेणियों के लंबित मामलों, अभियोजन कार्यों तथा अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने जिला न्यायवादियों को निर्देश दिए कि मामलों की सुनवाई के दौरान अनावश्यक रूप से लंबी तारीखें लेने से बचा जाए तथा लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के लिए प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जाए। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत दर्ज मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त महेंद्र पाल कहा कि ऐसे मामलों में जांच को गंभीरता से लेते हुए दोषियों को कठोर दंड दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं।



**हिसार।** जिला स्तरीय मासिक चिहनित अपराध तथा डीटीपी टास्क फोर्स कमेटी की बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त महेंद्र पाल।

### छह अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई

बैठक के दौरान डीटीपी टास्क फोर्स कमेटी की गतिविधियों की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला नगर योजनाकार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध अभियान निरंतर रूप से जारी है। संभावित अवैध कॉलोनियों की पहचान कर उनकी सूची समय-समय पर संबंधित तहसीलदारों को भेजी जाती है, ताकि ऐसे क्षेत्रों में जमीनों की रजिस्ट्रियों पर आवश्यक नियंत्रण रखा जा सके और आम नागरिकों को अवैध कॉलोनियों में निवेश से बचाया जा सके। इस माह 6 अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक में हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, बरवाला एसडीएम अश्वीर नैन सहित पुलिस, जिला न्यायवादी, राजस्व एवं नगर योजनाकार विभाग के अधिकारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर निगम का बुलडोजर अतिक्रमणकारियों में हड़कंप



**हिसार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा अभियान निरंतर जारी है। मंगलवार को टीम ने राजगुरु मार्केट से अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत की। इस दौरान टीम ने राजगुरु मार्केट में एक दुकानदार के द्वारा दुकान की परिधि से बाहर रखे जेनरेटर को जब्त करने की कार्रवाई की। इसके बाद टीम ने तोशाम रोड आईटीआई चौक पर शिकायत पर कार्रवाई हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई। इसके अलावा टीम ने आईटीआई चौक से जिन्दल चौक तक और जिन्दल चौक से पुष्पा काम्पलैक्स, एमसी कॉलोनी से लेकर डाबड़ा चौक तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इसके साथ टीम ने तालाकी गेट से ऋषि नगर विश्वकर्मा धर्मशाला तक अतिक्रमण हटवाया गया।